# प्रीलिम्स फैक्ट्स : 30 जून

### चुनावी बॉण्ड योजना, 2018

हाल ही में भारत सरकार ने चुनावी बॉण्ड योजना, 2018 को अधिसूचित किया है। योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बॉण्ड की खरीद ऐसे व्यक्ति/संस्था द्वारा की जा सकती है, जो भारत का नागरिक हो या भारत में निगमित या स्थापित हो।

- व्यक्ति विशेष के रूप में कोई भी व्यक्ति एकल या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बॉण्डों की खरीद कर सकता है।
- केवल वैसी राजनीतिक पार्टियाँ, जो जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) के अनुच्छेद 29ए के तहत पंजीकृत हैं और जिन्होंने आम लोकसभा चुनाव या राज्य विधानसभा चुनावों में डाले गए मतों का कम-से-कम एक प्रतिशत मत प्राप्त किये हों, चुनावी बॉण्ड प्राप्त करने की पात्र होंगी।
- चुनावी बॉण्डों को किसी योग्य राजनीतिक पार्टी द्वारा केवल अधिकृत बैंक के किसी बैंक खाते के माध्यम से ही भुनाया जा सकेगा।
- बिक्री के चौथे चरण में भारतीय स्टेट बैंक को अपनी 11 अधिकृत शाखाओं (सूची संलग्न) के माध्यम से 02 जुलाई, 2018 से 11 जुलाई, 2018 तक चुनावी बॉण्डों को जारी करने तथा भुनाने के लिये अधिकृत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि चुनावी बॉण्ड जारी करने की तारीख से 15 दिनों के लिये वैध होंगे। वैधता की अवधि समाप्त होने के बाद जमा किये गए चुनावी बॉण्डों पर राजनीतिक दल को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। राजनीतिक दल द्वारा जमा किये गए चुनावी बॉण्डों की राशि को उसी दिन उनके बैंक खाते में जमा कर दिया जाएगा।

### हायाबुसा 2

जापानी एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने जीवन की उत्पत्ति के रहस्य से पर्दा उठाने हेतु जानकारी एकत्रित करने के लिये दिसंबर 2014 में हायाबुसा-2 नामक एक अभियान लॉन्च किया था, जो कि साढ़े तीन साल की यात्रा के बाद पृथ्वी से 30 करोड़ किलोमीटर दूर स्थित क्षुद्रग्रह 'रायगु' (वैज्ञानिक नाम 162173 JU3) पर पहुँच गया है। इस अभियान का संचालन छह वर्षों के लिये किया जाएगा। इसका नाम फाल्कन पक्षी के नाम पर रखा गया है जिसे जापानी भाषा में हायाबुसा कहा जाता है।

- शोधकर्त्ताओं के अनुसार, सौरमंडल के विकास के शुरुआती चरण में ही क्षुद्रग्रह का निर्माण हो गया था। इसी आधार पर उन्होंने 'रायगु' पर जैविक पदार्थ, पानी और जीवन की उत्पत्ति के लिये ज़रूरी मूलभूत तत्त्वों के बड़ी मात्रा में उपलब्ध होने की संभावना व्यक्त की है।

### हायाबुसा - 2 की विशेषताएँ

- यह आकार में एक बड़े फ्रिज के बराबर है, इसकी सबसे ख़ास बात यह है कि इसमें सोलर पैनल लगे हैं।
- हायाबुसा-2 में गाइडेंस नेविगेशन सिस्टम के अलावा एल्टीट्यूड कंट्रोल सिस्टम लगा है।
- सबसे पहले हायाबुसा – 2 'रायगु' से 20 किलोमीटर ऊपर रहकर उसका चक्कर लगाएगा और सतह पर उतरने से पहले उसका नक्शा तैयार करेगा।
- इसके बाद क्षुद्रग्रह के एक क्रेटर को ब्लास्ट कर मलबा जमा किया जाएगा। शेष समय में (18 महीने) एस्टरॉइड के नमूने एकत्रित कर 2020 के अंत तक यह पृथ्वी पर लौट आएगा।

### पृष्ठभूमि

- उल्लेखनीय है कि इससे पहले हायाबुसा-1 लॉन्च किया गया था लेकिन यह बहुत अधिक नमूने नहीं जुटा पाया, हालाँकि किसी क्षुद्रग्रह से पृथ्वी पर नमूने लाने वाला यह अपनी तरह का पहला अभियान था। हायाबुसा-1 अपने सात साल के लंबे सफर के बाद 2010 में समाप्त हो गया था।
- हायाबुसा-2 को सबसे पहले 30 नवंबर, 2014 में लॉन्च किया जाना था, लेकिन कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण इसे 3 दिसंबर, 2014 को लॉन्च किया गया।

### Re unite एप

केंद्रीय वाणज्यि एंव उद्योग मंत्रालय ने 'रीयूनाइट' (Re unite) नामक एक मोबाइल एप लॉन्च कयिा है। इस एप की सहायता से देश में खोए हुए बच्चों का पता लगाने में सहायता मलिगी। इस एप को वकिसति करने में स्वयंसेवी संगठन 'बचपन बचाओ आंदोलन' और 'कैपजेमनिी' (Capgemini) ने सहायता की है।

- खोए हुए बच्चों को उनके माता-पिता से मलिाने का यह प्रयास, तकनीक के उत्कृष्ट उपयोग को दर्शाता है। यह एप जीवन से जुड़ी सामाजकि चुनौतियों से नपिटने में मदद करेगा।
- इस एप के माध्यम से माता-पिता बच्चों की तस्वीरें, बच्चों का ववरिण जैसे- नाम, पता, जन्म चन्हि आदअिपलोड कर सकते हैं, पुलसि स्टेशन को रपिोर्ट कर सकते हैं तथा खोए बच्चों की पहचान कर सकते हैं।
- खोए हुए बच्चों की पहचान करने के लयि एमेजन रकिोगनशिन (Amazon Rekognition), वेब आधारति फेशयिल रकिोगनशिन जैसी सेवाओं (web facial recognition service) का उपयोग कयिा जा रहा है। यह एप एंड्राएड और आईओएस दोनों ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

बच्चों की सुरक्षा के संदर्भ में 'बचपन बचाओ आंदोलन' (Bachpan Bachao Andolan -BBA) भारत का सबसे बड़ा आंदोलन है। बीबीए ने बच्चों के अधकिारों के संरक्षण से संबंधति कानून नरि्माण में महत्त्वपूर्ण भूमकिा नभिाई है। यह आंदोलन 2006 के नठिारी मामले से शुरू हुआ है।

### शनग्रिह के उपग्रह इंसेलेडस पर मलि जीवन के संकेत

अमेरकिी स्पेस एजेंसी नासा के कैसनिी अंतरक्षि यान द्वारा एकत्रति डाटा का अध्ययन करने के बाद शनकि उपग्रह इंसेलेडस पर जीवन की संभावना के संकेत मलि हैं। शोधकर्त्ताओं के अनुसार, इंसेलेडस की बर्फीली सतह पर कई दरारें पाई गई हैं, जनिमें जैवकि कार्बनकि अणुओं की खोज की गई है

- इन अणुओं की खोज से शनकि उपग्रह पर जीवन होने का संकेत और भी प्रबल हो गया है।
- इस शोध से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन जैवकि कार्बनकि अणुओं का नरि्माण उपग्रह की पथरीली कोर और वहाँ उपस्थति महासागर के गर्म पानी के बीच हुई रासायनकि प्रक्रयिा के कारण हुआ है।
- शनकि रहस्यों से पर्दा उठाने के लयि नासा ने इटली और यूरोप की अंतरक्षि एजेंसयिों के साथ मलिकर संयुक्त रूप से कैसनिी अभयिान को शुरू कयिा था। यह अभयिान सतिंबर 2017 में समाप्त हो गया था।
- इससे पहले शोधकर्त्ताओं ने इंसेलेडस पर कुछ कार्बन परमाणु वाले आर्गनकि अणुओं की खोज की थी। इस बार जनि अणुओं की खोज हुई है वह मीथेन से भी दस गुना अधकि भारी हैं।
- इस खोज के पश्चात् यह उपग्रह पृथ्वी के बाद जीवन की संभावना हेतु ज़रूरी सभी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने वाला पहला खगोलीय पडि बन गया है।

इससे पहले वहाँ  महासागर होने के भी सबूत मलि थे। पृथ्वी के महासागरों में रहने वाले सूक्ष्म जीवों को हाइड्रोजन से ही रासायनकि ऊर्जा प्राप्त होती है। इस आधार पर माना जा रहा है कशिनकि उपग्रह पर भी सूक्ष्मजीव हो सकते हैं।